एक नजर में



### संगठित होकर ही कर सकते हैं समाज का उत्थान : रावत

**दोराहा.** ग्राम में मीना समाज सेवा संगठन द्वारा सोमवार, 29 दिसम्बर को तहसील स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि रामनिवास रावत, मानसिंह रावत, महेंद्रसिंह मीणा, पूर्व एसडीओपी भगवान सिंह मीणा, मनोहर मीणा, प्रेमकिशोर मीणा, ब्रजकिशोर मीना, नारायण सिंह, अमरसिंह मीणा, परमानंद, मोहन सिंह, दशरथ सिंह मीणा, सौदान सिंह मीणा, पर्वत सिंह मीणा, रमेश मीणा, गंगा प्रसाद पटेल, राकेश मीणा, अजीत सिंह मीणा, पप्पू, अजय सिंह मीणा, अशोक मीणा, बालकृष्ण मीणा, सुनील मीणा आदि उपस्थित रहे. रामनिवास रावत द्वारा सभी सामाजिक बन्धुओं से संगठित होकर समाज के उत्थान की बात कही.



### नपा का नवीन भवन होगा सर्वसुविधायुक्त : मेवाड़ा

**आष्टा.** नपा के नवीन भवन का निर्माण अटल कॉलोनी के पीछे जारी है. उक्त भवन दो मंजिला सर्वसुविधायुक्त बनेगा. भवन निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने निरीक्षण किया. मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि नपा का नवीन भवन दो मंजिला निर्मित होगा, जिसमें सभी विभागों के पृथक-पृथक व्यवस्थित कक्ष होंगे. इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, मुकेश राठौर, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, अनिल धुर्वे, हसीन ठेकेदार, संजय शर्मा, जितेन्द्र बुदासा आदि मौजूद थे.




### सीताराम नाम जाप के लिए शुरू होगा अभियान

**सीहोर.** श्रीराम चरित्रमानस सेवा संस्कार परिषद की बैठक आयोजित हुई. जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि प्रति मंगलवार को रात्रि 8ः30 से 8ः40 तक एक साथ सीताराम नाम जाप करने के लिए सघन अभियान चलाया जाए. इस अवसर पर डॉ.बलवीर तोमर, राकेश सुराना, मेघा परमार, सन्तोष गुप्ता, निशांत वर्मा, कपिल उपाध्याय, ऊषा चौहान, दशरथ मेवाड़ा, अरविंद ठाकुर, रामनारायण शर्मा, मांगीलाल सोलंकी, शरद जोशी आदि नागरिक गण उपस्थित रहे.



### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई. कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 55 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



### छात्राओं की सुरक्षा को लेकर ऑपरेशन मजनूं चलाने की मांग

**सीहोर.** शहर में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपकर ऑपरेशन मजनू को तत्काल प्रभाव से शुरू करने की मांग की गई है. आशीष गहलोत ने बताया किबड़ी संख्या में छात्राएं देर शाम तक कोचिंग संस्थानों और विद्यालयों में जाती हैं.कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा छींटाकशी, पीछा करने और मानसिक प्रताड़ना जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे छात्राएं डर और तनाव में रहती हैं तथा उनके पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ रहा है. एसपी दीपक कुमार शुक्ला को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों और कोचिंग जोनों में सघन गश्त बढ़ाई जाए तथा ऑपरेशन मजनू को सख्ती के साथ लागू किया जाए. छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, 112 और 181 की जानकारी देकर त्वरित सहायता सुनिश्चित करने की बात कही गई है. गर्ल्स कॉलेज, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, पीजी कॉलेज, आदिवासी कन्या छात्रावास, इंग्लिशपुरा रोड, कोतवाली चौराहा, उत्कृष्ट स्कूल और महारानी लक्ष्मीबाई कन्याशाला आदि के आसपास नियमित निगरानी और कार्रवाई की जरूरत बताई गई है. इस अवसर पर ब्रजेश पटेल ईश्वर सिंह चौहान और विनीत गोयल उपस्थित थे.

# ठंड का सामना कर अपना हक मांग रहे आदिवासी

## रेलवे लाइन के लिए अधिगृहित की गई जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिलने से आक्रोशित आदिवासी बेमियादी धरने पर बैठे

- तहसील कार्यालय के सामने परिवार सहित धरने पर बैठे
- सरकार पर लगाया पुराने रेट पर मुआवजा देने का आरोप

नवभारत न्यूज

**बुधनी 30 दिसंबर. बुदनी-मांगलिया रेल लाइन का काम तो रफ्तार पकड़ चुका है, वहीं बाड़ी, संदलपुर और बुदनी के मार्ग पर 146 बी नेशनल हाइवे बनाया जाना है. दोनों प्रोजेक्ट के लिए किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है, लेकिन पर्याप्त मुआवजा राशि नहीं मिलने से क्षेत्र के आदिवासी समाज विरोध पर उतर आया है. आदिवासी समाज तहसील कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गया है.**

धरने पर बैठे आदिवासियों का कहना है कि उनकी जमीन के भाव 65 लाख से लेकर 75 लाख रुपए प्रति एकड़ तक हैं, लेकिन सरकार उन्हें पुराने रेट के आधार पर 8 लाख रुपए प्रति एकड़ के भाव से ही मुआवजा दे रही है. जय जवान युवा शक्ति (जयस) एवं पीलिकार संगठन के बैनर तले इस धरना प्रदर्शन में मंगलवार को महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव कंचन शर्मा शामिल हुईं. उन्होंने कहा तेज ठंड में भी लोग अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए धरने पर बैठे हैं, लेकिन प्रशासन की उदासीनता




बहुत चिंताजनक है. यदि पुनर्वास, पुर्नव्यवस्थापन और पूर्ण मुआवजे की कार्रवाई नहीं की गई तो महिला कांग्रेस इस मुद्दे को जिला और राज्य स्तर पर प्रमुखता से उठाएगी.

उल्लेखनीय है कि बुदनी से सीधे इंदौर के लिए बनने वाली रेल लाइन के लिए जिले के भैरूंदा और बुदनी क्षेत्र में लगभग 38 गांवों की 522 हेक्टेयर से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया गया है. इसके साथ ही इंदौर क्षेत्र में में भी अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. इसके लिए सीहोर जिले में प्रभावित किसानों को करीब 218 करोड़ रुपए से अधिक का मुआवजा वितरित किया जा चुका है, लेकिन इस फैसले से मायूस किसानों का आरोप है कि उन्हें दिया जा रहा मुआवजा बाजार मूल्य से काफी कम है और पुरानी गाइडलाइन के अनुसार है. किसानों ने मांग की है कि उन्हें उचित बाजार मूल्य और पुनर्वास लाभ मिलना चाहिए। इसे लेकर क्षेत्र में पहले विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन दिए गए हैं. यही नहीं देवास जिले के खातेगांव विधायक और सीहोर के केंद्रीय मंत्री ने भी इस संबंध में रेल मंत्री से मुलाकात कर किसानों की समस्याएं बताई थीं. हालांकि विरोध के कारण कुछ क्षेत्रों में परियोजना की रफ्तार बहुत धीमी हुई है. धरना प्रदर्शन करने वालों का स्पष्ट कहना है कि जब तक भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुर्नव्यस्थापन अधिकार अधि. 2013 के तहत उनकी सभी मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा.

### महिलाओं व बच्चों के साथ बैठकर दे रहे धरना

मुआवजे को लेकर अलग-अलग संगठन के कार्यकर्ता मंगलवार दिन से ही धरने पर बैठे हैं. उनके साथ महिलाएं और बच्चे रात के समय भी धरने पर बैठे हुए हैं. कड़ाके की ठंड के बावजूद लोग रात में भी यहां से नहीं हट रहे हैं. इतना होने के बाद भी अब तक जिम्मेदार इनसे नहीं मिले हैं. धरने पर बैठे लोगों ने बताया कि उन्होंने 12 दिसंबर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा था. जिसमें उन्होंने रेलवे एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुर्नव्यवस्थापन अधिकार अधिनियम 2013 के प्रावधानों का पालन नहीं किए जाने की शिकायत की थी. उस समय प्रशासन ने आश्वासन दिया था. लेकिन अब तक न तो पूरे मुआवजे का भुगतान किया गया और न ही पुनर्वास की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई.

### लंबे समय से अपने हक की मांग कर रहे आदिवासी

**21 फरवरी 2024-** इंदौर में किसान रैली और आंदोलन हुआ .बड़ी संख्या में किसान ट्रेक्टर और अन्य वाहन लेकर इंदौर पहुंचे और भूमि अधिग्रहण में मुजावजा राशि कम देने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. किसानों ने यहां ट्रैक्टर और अन्य वाहनों से रैली निकालकर सरकार से भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा की मांग की थी. इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन के समक्ष धरना भी दिया था.

**25 जुलाई 2024-** राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण में भिन्नता बरतने को लेकर ग्रामीणों ने बुदनी में प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. भूमि अधिग्रहण को लेकर दी जा रही राशि को लेकर ग्रामीणों ने असंतोष व्यक्त किया. उनका कहना है कि सभी को उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा. ग्रामीणों ने इसके लिए पुनः सर्वे कर मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग को प्रमुखता से उठाया.

**17 जून 2025-** कन्नौद विकासखंड के बिजवाड़ क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के दौरान किसानों ने विरोध जताया था. विरोध में किसानों ने बुलडोजर के सामने विरोध किया और महिलाएं-पुरुष धरने पर बैठे. इस दौरान किसानों और पुलिस प्रशासन में विवाद की स्थिति भी बनी थी. जिसमें कई लोग घायल हुए थे. इनमें अनेक महिलाएं भी शामिल थीं.

- **सितंबर 2025 -** भैरूंदा तहसील के 13 गांवों के किसानों ने संयुक्त रूप से महापंचायत आयोजित की. किसानों ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल भी शुरु की थी, ताकि मुआवजा विवाद का समाधान निकले। लेकिन हर बार की तरह प्रशासन ने सिर्फ आश्वासन ही दिया.

12 दिसंबर 2025 -बुदनी में किसानों ने मुआवजा राशि में भेदभाव करने का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया था. इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी दिया था. उस समय भी अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि उनकी समस्या का निराकरण किया जाएगा, लेकिन आश्वासन अब तक पूरे नहीं हो सके.

## औद्योगिक क्षेत्रों को मिले हर मूलभूत सुविधा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 30 दिसंबर.** उद्यम विभाग के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक कलेक्टर एवं बोर्ड अध्यक्ष बालागुरू के. की अध्यक्षता में आयोजित की गई.

बैठक में बोर्ड के समस्त शासकीय एवं अशासकीय सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों के समग्र विकास को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई. कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले में उद्योग रोजगार सृजन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए इनके समुचित संवर्धन हेतु सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें. उन्होंने उद्योग क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों में पानी, सड़क, बिजली एवं मोबाइल नेटवर्क जैसी आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे.

कलेक्टर ने कहा कि यदि किसी उद्योग को विभागीय प्रक्रियाओं में कठिनाई आ रही है तो उसका त्वरित निराकरण किया जाए, ताकि उद्यमियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े. बैठक में विकास नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, जिले में नए उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन, तथा संचालित उद्योगों की समस्याओं के समाधान जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में कलेक्टर ने विगत बैठक मे दिए निर्देश एवं बिंदुओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

## हवा के रुख में बदलाव, ठंड के मिजाज और बढ़ेंगे

- दक्षिण-पूर्व की हवा से दिन व रात के तापमान में बढ़ोत्तरी
- आगामी दिनों में हवा की गति रहेगी 7 किमी तक

नवभारत न्यूज

**सीहोर 30 दिसंबर.** इन दिनों सूबे सहित संपूर्ण जिला भीषण ठंड की चपेट में है. रात ही नहीं दिन में भी लोगों को ठंड के तीखे तेवरों से निजात नहीं मिल पा रही है. दो दिन से भले ही तापमान में एक डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है, लेकिन ठंड के मिजाज जरा भी कम नहीं हुए हैं. लोगों को दिन भी गर्म कपड़ों से खुद को ढांककर रहना पड़ रहा है.

दक्षिण-पूर्व हवा के असर से मंगलवार को दिन और रात के तापमान में एक-एक डिग्री की



बढ़ोत्तरी हुई है. हालांकि अब फिर से हवा का रुख बदल गया है। जिसके कारण फिर तापमान में गिरावट होगी. मंगलवार को अधिकतम तापमान 26.5 और न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है. इसके बाद भी ठंड के असर में कोई कमी नहीं आई है. दिन भर बर्फीली हवाओं के चलने से लोग खासे परेशान हैं. मौसम विभाग के अनुसार यह मौसम फसलों के लिए बहुत अच्छा है. हालांकि किसानों को रबी सीजन की फसलों की सिंचाई करना होगी. क्योंकि सूखी हवा चल रही हैं, ऐसे में यदि सिंचाई नहीं की तो फसलों पर पाला का प्रभाव दिखाई दे सकता है.

आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि एक दिन पहले सोमवार को अधिकतम तामपान 25.5 और न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था. लेकिन मंगलवार को दिन और रात के तापमान में एक-एक डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई. ऐसे में अधिकतम तापमान 26.5 और न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. उन्होंने बताया कि अब लगातार उत्तर-पूर्व से हवा चलेगी. यही नहीं हवा की रफ्तार 4 से 7 किमी प्रति घंटे रहेगी। जिसके कारण ठंड का असर अब और बढ़ेगा. उन्होंने ऐसे में फसलों की सिंचाई करने की समझाइश किसानों को दी है.

## हत्यारोपियों को बचाने बना दिया हादसे का मामला

- मृतक के परिजनों ने कलेक्टर के समक्ष सुनाया दुखड़ा
- एफआईआर दर्ज कर न्यायिक जांच करने की मांग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 30 दिसंबर.** न्याय के लिए कलेक्ट्रेट में मृतक बेटे के फोटो लेकर मंगलवार को माता पिता भाई बहन परिजन बैठ गए.

पुलिस पर हत्यारोपियों को बचाने और बेटे की हत्या की घटना को दुर्घटना का साधारण मामला बनाने का गंभीर आरोप लगाया. जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू व एसपी दीपक कुमार शुक्ला को आवेदन देकर परिजनों ने बेटे के हत्यारों पर एफआईआर



दर्ज कर मजिस्ट्रेलियल न्यायिक जांच किए जाने की मांग की. उचित न्याय नहीं मिलने पर मृतक के पिता ने परिजनों के साथ आत्महत्या की बात भी कहीं.

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिजलोन निवासी लीला किशन देवकी बाई ने बताया कि हमारा पुत्र सचिन आयू 22 वर्ष मेहनत मजदूरी हम्माली कर परिवार का पालन कर रहा था. 15 नम्बर दोपहर में बिजलौन गांव के कुछ लोग अपने साथ बरखेड़ी में मैथी को मिनीट्रक में लोड करने के लिए ले गए थे. उसी दिन किसी ने मोबाईल पर बताया कि सचिन गाड़ी से गिर गया है. मेरे बेटे के शरीर पर गले पर अनेक निशान थे पुलिस पहुंची और मेरे बेटे को उठाकर अस्पताल ले गई. डॉक्टर ने बताया कि बेटे की मृत्यु हो गई. कई बार कोतवाली थाना गए और कहा कि मेरे बेटे की गिरने से नहीं झगड़े में हत्या की गई है लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ा नहीं जा रहा है.जांच की मांग करने वालों में कमलसिंह, राजू, मनोहर, नीलांश, देवेंद्र, ओमप्रकाश, अनिल, सीताराम, महेन्द्रकुमार, अजय, संजू, चिंता, कविता, वषाज़, हेमलता, रेखा, सोनम, शुभम, अंकित, धनकुंवरवाई आदि शामिल रहे.

## निर्विरोध निर्वाचित अभ्यर्थियों को दिए प्रमाण पत्र

- सरपंच व पंच पद के निर्विरोध होने पर दिए प्रमाण पत्र
- निर्विरोध निर्वाचित अभ्यर्थियों को दी ग्रामीणों ने बधाई

नवभारत न्यूज

**सीहोर 30 दिसंबर.** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्ध) के निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार नाम वापसी उपरांत जिले में सरपंच एवं पंच के रिक्त पदों के निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों को प्ररूप-24 में निर्विरोध निर्वाचन सह घोषणा प्रमाण पत्र की प्रतियां आयोग द्वारा निर्धारित ऑनलाईन एप्लिकेशन जनरेट कर रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा अभ्यर्थियों को प्रदान किए गए हैं.

जिले के जिन अभ्यर्थियों को निर्विरोध निर्वाचन घोषणा सह प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं उनमें ग्राम पंचायत लसूड़िया विजयसिंह से सरंपच पद के लिए श्रीमती अकीला, ग्राम पंचायत जताखेड़ा के वार्ड क्रमांक 03 से पंच के लिए चंदर, ग्राम पंचायत डूका के वार्ड क्रमांक 10 से पंच के लिए बापूसिंह, ग्राम पंचायत झरखेड़ी के वार्ड क्रमांक 17 से पंच के लिए राजेश कुमार, ग्राम पंचायत भोजनगर के वार्ड क्रमांक 17 से पंच के लिए इंदरसिंह, ग्राम पंचायत धबोटी के वार्ड क्रमांक 11 से पंच के लिए श्रीमती सुलोचना और ग्राम पंचायत बोरदीकलां के वार्ड क्रमांक 04 से पंच के लिए श्रीमती बबीता के नाम शामिल हैं.

धार्मिक ▶ सिंधी कॉलोनी में जारी श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर उमड़ी अपार भीड़, निकाली भव्य कलश यात्रा

## भक्ति का अर्थ है ईश्वर के प्रति संपूर्ण समर्पण और प्रेम : गोविंद जाने

नवभारत न्यूज

**सीहोर 30 दिसंबर.** भक्ति का अर्थ है ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण और प्रेम. यह एक आंतरिक भावना है, जिसे व्यक्त करने के लिए भौतिक वस्तुओं की आवश्यकता नहीं होती. सच्ची भक्ति मन की अवस्था है, न कि धन-संपत्ति या भौतिक प्रदर्शन. भौतिक वस्तुओं के प्रति लगाव अक्सर हमारे मन को सांसारिक इच्छाओं और चिंताओं में उलझाए रखता है. यह लगाव हमें ईश्वर से जुड़ने से रोकता है, क्योंकि हमारा ध्यान बाहरी दुनिया की ओर केंद्रित रहता है.

उक्त विचार सिंधी कालोनी में हर साल की तरह साल भी गोदन सरकार हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. मंगलवार को संत गोविन्द जाने ने कहाकि भौतिक वस्तुओं में सुख नहीं है. परम निधि तो कोई सद्गुरु देता है. इसलिए इस कलियुग में केवल भगवान के नाम का जप और सच्चे कर्म ही हमें ईश्वर से जोड़ सकते हैं.

उन्होंने कहाकि जब हम भौतिक वस्तुओं के पीछे भागना बंद कर देते हैं, तो हम शांति और संतोष का अनुभव करते हैं। यह शांति हमें ध्यान केंद्रित करने और ईश्वर के साथ गहरा संबंध स्थापित करने में मदद करती है. कलियुग में नाम जप एक सरल आध्यात्मिक अभ्यास है. ईश्वर नाम जपना बहुत लाभकारी है. भगवान का नाम प्रेम और भक्ति बढ़ाता है. परमात्मा का नाम मर्यादा और शक्ति देता है. इन नामों को जपने से मन शांत होता है. नकारात्मक विचार दूर होते हैं और आध्यात्मिक उन्नति होती है. नाम जप जीवन का जरूरी हिस्सा है. कलियुग जिसे युगों का अंतिम और सबसे कठिन युग माना जाता है. शास्त्रों के अनुसार इस युग में धर्म, सत्य और नैतिकता का क्षरण होते हुए, हमें नजर आएगा. इस युग में मनुष्य अनेक प्रकार की भौतिक और मानसिक समस्याओं से घिरा रहेगा. ऐसे




कठिन समय में, आध्यात्मिक प्रगति और शांति प्राप्त करने के लिए विभिन्न साधनाएं हमें हमारे शास्त्रों में बताई गई हैं . भागवत कथा के अंतिम दिन पूर्व विधायक रमेश सक्सेना ने व्यास गादी का आशीर्वाद लिया. कथा के समापन पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई. इस अवसर पर सैकड़ों महिलाएं कलश लेकर चल रही थीं तो कथावाचक पं. गोविंद जाने वाहन पर सवार थे.

## दुर्गादास बस्ती में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन

**सीहोर.** हिन्दू सम्मेलन का आयोजन दुर्गादास बस्ती गंज में 11 जनवरी रविवार को प्रस्तावित किया गया है. करौली वाली माता मंदिर से सुबह 10 कलश यात्रा प्रारंभ की जाएगी. कलश यात्रा गंज के प्रमुख मार्गों से होकर बड़ी ग्वाल टोली शासकीय हाई स्कूल के वसुधा मैरिज गार्डन पहुंचेगी. हिन्दुसंगम सामाजिक एकता, समरसता, सांस्कृतिक चेतना धार्मिक परम्पराओं को सुदृढ़ बनाने का एवं हिन्दू समाज की सामूहिक शक्ति के प्रकटीकरण के लिए हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है. सम्मेलन को साधू संत हिन्दू विचारक संबोधित करेंगे. कार्यक्रम के समापन के बाद सामूहिक भोजन प्रसादी का कार्यक्रम का आयोजन होगा.